**खबर संक्षेप**

### आज होगी बैडमिंटन और बुजुर्गों की वॉक

**पांढुर्णा।** एमपीएल स्कूल ग्राउंड पांढुर्ना से लेकर धुनष लॉन और पुनः वापस एमपीएल मैदान तक मेरॉथन दौड संपन्न हुई। खेल दिवस के उपलक्ष्य में संपन्न हुई मेरॉथन दौड को कलेक्टर अजय देव शर्मा ने हरि झंडी दी। इस अवसर पर एसडीएम अलका इक्का, ना. तहसीलदार तिगांव अश्वीनी गोहिया, बीआरसी नरेंद्र बांबल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के योगेश ढोके तथा अन्य खिलाडी शामिल हुए। इसके अलावा स्थानीय रामशांती विद्यामंदिर में प्रातः 9 बजे कबड्डी तथा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्ना में रस्साकशी, सांदीपनी विद्यालय में शतरंज एवं कैरम की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। इस खेल आयोजन में पांढुर्ना के अनेक खेलप्रेमियों ने बढचढकर हिस्सा लिया। इन खेलों का उद्देश्य स्थानीय खेलों को बढावा देते हुए बच्चों और बुजुर्गों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। कल 30 अगस्त को सुबह 10 बजे नगरपालिका बैडमिंटन हॉल में प्रतियोगिता, दोपहर 12 बजे स्व सहायता समूह एवं महिलाओं के लिए पिठ्ठू गेम तथा दोहपर 1 बजे नगरपालिका मैदान पर रस्साकशी का खेल होगा।

### सहायक संचालक डीपी डेहरिया ने किया सिंगोड़ी, खामीहीरा और हिवरखेड़ी शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण

## लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिंगोड़ी



प्रदेश में सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और शिक्षा विभाग के सहायक संचालक सहित समस्त अधिकारी हर महीने विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण कर शिक्षा का स्तर और गुणवत्ता को सुधार करने लगातार प्रयास कर रहे है ताकि स्कूलों में चल रही शासन की विभिन्न योजनाओं और शिक्षा की गुणवत्ता की सही जानकारी मिल सके।

जिसके चलते आज छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देश में एवं जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा जी एस बघेल के मार्गदर्शन में सहायक संचालक डी पी डेहरिया ने आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र सिंगोड़ी का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान शाला प्रांगण की व्यवस्था सहित परिसर के चारों तरफ स्वच्छता बनाने, के निर्देश दिए। तत्पश्चात समस्त शिक्षक स्टाफ की सामूहिक बैठक लेकर छात्र हित में कार्य करने विद्यालय लगने और छूटने के समय का ध्यान रखते हुए समय पर उपस्थित होने की बात कही साथ ही विद्यालय परिसर के शौचालय को नया रूप देने साफ सफाई करने हेतु निर्देश दिए, शासन द्वारा छात्र हित की दृष्टि से विद्यालय में जे ई ई, नीट की कक्षाएं संचालित की जा रही है एवं क्लैट ,सी यू ई टी की पुस्तके की व्यवस्था शाम तक उपलब्ध हो जाने की बात कही जो परीक्षा समाप्ति उपरांत इसकी कक्षाएं प्रारंभ की जाएगी। साथ ही समस्त अव्यवस्थित कमरों को सुव्यवस्थित करने प्राचार्य कक्ष को भी सही करने स्वच्छता और साफ सफाई का ध्यान रखने सहित आई टी लैब, स्मार्ट क्लास को देखा विद्यालय में त्रैमासिक परीक्षा प्रारंभ है जिसे प्रत्येक कक्ष में जाकर संचालित परीक्षा को देखा जिसमें आज कक्षा 9 वी के कुल 15 बच्चे त्रैमासिक परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।

जिन्हें दूसरे दिन के पेपर में मोबाईल फोन के माध्यम से सम्पर्क कर बुलाने के निर्देश दिए,ताकि त्रैमासिक परीक्षा में कोई भी छात्र अनुपस्थित न रहे।

तत्पश्चात इन्होंने खामी हीरा हाई स्कूल का निरीक्षण किया जिसमें माध्यमिक शिक्षिका रुखसाना अंसारी 28 अगस्त को बिना सूचना के अनुपस्थित थी जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।वही यहां पर भी शौचालय की साफ सफाई सही नहीं पाई गई जिसे सही करने के निर्देश दिए।

इसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिवरखेड़ी में त्रैमासिक परीक्षा चल रही थी। जिसमें छात्रों को जे ई ई नीट क्लैट सी यू ई टी के बारे में जानकारी दी गई। जो परीक्षा समाप्ति उपरांत विद्यालय में समस्त क्लासेस चालू की जाएगी एवं अध्यापन मटेरियल भी उपलब्ध कराने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

हिवरखेड़ी स्कूल में भी शौचालय की व्यवस्था सही नहीं पाई गई जिसकी व्यवस्था को जल्द से जल्द बनाने के निर्देश विद्यालय प्रमुख को दिए गए एवं एक परिसर एक शाला की कक्षा 6 वी , 7वी,8 वी के बच्चों का पढ़ाई का स्तर देखा गया जो बहुत कमजोर पाया गया जिसमें अलग से कक्षाएं लगाने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया गया। और उक्त संपूर्ण व्यवस्था को एक सप्ताह के भीतर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शासन की मंशानुरूप शासकीय विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आए,शिक्षा की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी हो सके।

इन्होंने कहा कि यदि कोई शिक्षक लापरवाही करता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और कार्यवाही कर वेतन रोके जाने की कार्यवाही की जाएगी। वही एक पेड़ मां के नाम पे लगाने हेतु शिक्षकों सहित समस्त विद्यार्थियों को निर्देश दिए ओर फोटो अपलोड करने की बात कही इंस्पायर अवार्ड मानक योजनांतर्गत विद्यार्थियों को ऑनलाईन आइडिया अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

### अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव ने सुनाया फैसला

## न्यायालय ने सुनाई पिता के हत्यारे पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 29/2024 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी राजेश कवडे पिता मूलचंद उम्र 25 साल निवासी बूचनवाडी,थाना नवेगांव ,जिला छिंदवाड़ा को पिता मुलचंद की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार है कि नवेगांव थाने पर दिनांक 06/08/2024 को सकरलाल ने थाना आकर से सूचना दी थी कि ग्राम बूचनबाड़ी में राजेश कवडे ने अपने पिता मूलचंद के द्वारा 24 डिसमिल जमीन विक्रय किए जाने से नाराज होकर विवाद किया और पिता के द्वारा जमीन अन्य व्यक्ति को विक्रय करने के कारण नाराज होकर दिनांक 05/08/2024 को करीब शाम 7 बजे मारपीट कर कुल्हाड़ी से मूलचंद्र के सिर पर एवं जबड़े पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी है। एवं बीच बचाव करने वाले अपने बड़े पिता सकर लाल को भी एक लकड़ी के छिलपा से मार कर आहत कर दिया सूचना पर पुलिस द्वारा पूछताछ कर प्रकरण लेखबद्ध किए गए, , थाना नवेगांव पुलिस द्वारा आरोपी राजेश कवडे के विरुद्ध धारा 103(1) 315(2) बी. एन. एस . का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया।

समस्त अभियोजन गवाहों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी राजेश कवडे को धारा 103(1) बी.एन.एस.के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5000 के अर्थदंड से दंडित किया गया एवं प्राथी सकर लाल के द्वारा बीच बचाव करने पर चोट पहुंचाने के लिए धारा 115 (2 ) का दोषी पाते हुए 3 माह का कारावास और 1000 का जुर्माना से दंडित किया गया । प्रकरण में मध्य प्रदेश राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई।

## अवैध उत्खनन करते जेसीबी और ट्रैक्टर धराए

### नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम उमरीकला में राजस्व विभाग की पहाडी से अवैध मुरम खुदाई करते हुए आज जेसीबी और ट्रैक्टर पकडा। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ना. तहसीलदार अश्वीनी गोहिया और ना. तहसीलदार तीरथलाल इरपाची ने मौके पर पहुंचकर कारवाई की।

अधिकारियों को जेसीबी चालक सतीश वाडिवे निवासी खरसोली तह. नरखेड तथा ट्रैक्टर चालक गोपाल वरठी निवासी उमरीकला के पास उत्खनन की अनुमति नहीं पायी गई। मौके पर लगभग 9-10 ट्रॉली (30 घन मीटर) उत्खनन होना पाया गया। इसके अलावा ट्रॉली में लगभग 1-1.25 घनमीटर मुरम पाया गया। जिस जेसीबी और ट्रैक्टर से अवैध मुरम खनन और परिवहन किया जा रहा था उन्हें जब्त कर पुलिस थाना प्रांगण में रखा है। जांच प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर कार्यालय की ओर प्रेषित किया जाएगा।

## खेत में संदिग्ध मौत, बिना पीएम के अंत्येष्टि, शहर भर में करेंट से मौत की चर्चा

**पांढुर्ना।** कल दोपहर में नगर के जवाहर वार्ड निवासी एक 50 वर्षीय व्यक्ति की अमरावती रोड पर स्थित विनायका सीटी कालोनी के करीब एक खेत में संदिग्ध मौत हो गई। पूरे शहर में चर्चा है कि यह व्यक्ति किसी दूसरे के खेत में बिजली का करेंट लगने से मर गया। पडोसी खेतवालों के अनुसार इस खेत में आवारा पशुओं को रोकने के उद्देश्य से तार की बाड लगाकर उसमें करेंट वाली वायर जोड दी जाती थी। खेत मालिक के कहने पर यह व्यक्ति आवारा पशुओं को खेत में घुसने से रोकने के लिए यह गैरकानूनी उपाय हर दिन करते रहा। इसे क्या पता कि जिन मूक पशुओं के लिए वह गड्ढा खोद रहा है एक दिन उसमें वह स्वयं गिर पडेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तार फेंसिंग में करेंट की वायर जोडने के दौरान या लापरवाही से इस व्यक्ती का हाथ करेंट वाली फेंसिग से सट गया और बिजली के करेंट से इसकी मौत हो गई। लेकिन इसके बाद इस दुर्घटना की सूचना पुलिस को दिया जाना जरूरी था जो नहीं दी गई और उसका अंतिम संस्कार कल रात्रि में कर दिया गया। वास्तव में इस व्यक्ति की मौत करेंट से हुई या और किसी कारण से पीएम होने के बाद ही सच्चाई साबित होती लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमपीईबी के अधिकारीगण जानकारी मिलने पर मौके वाले खेत में पहुंचे थे लेकिन उन्हें ना तार की बाड मिली और ना करेंट का सप्लाई। मिलता भी कैसे घटना के बाद तार और सप्लाई हटाने में अधिकतम आधे घंटे का वक्त किसी लिए भी काफी है।

## वार्ड नंबर 6 की आंगनबाड़ी को मिला नया भवन

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

नगर पालिका परासिया के वार्ड क्रमांक 6 की आंगनबाडी के बच्चे अब नए भवन में बैठेंगे। इससे पहले इस वार्ड की आंगनबाडी का संचालन किराए के भवन में किया जाता था। नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने शुक्रवार को नए भवन का लोकार्पण किया। नगर पालिका के उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, पार्षद पूजा मरकाम उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि एक करोड रुपयों की लागत से नगर में आंगनबाडी के भवन बनाए जा रहे है।

वार्ड क्रमांक पांच में दो भवन बन रहे है। वार्ड क्रमांक 15 में भी भवन का निर्माण किया जा रहा है। वार्ड 19 में भी भवन निर्माणाधीन है। वार्ड दो और वार्ड 4 में भवन का लोकापर्ण किया जा चुका है।पार्षद रुकमा बंसोड़ ,वीर बहादुर सिंह , नीलोफर खान प ब्रजेश भलावी बसन्त मालवी, विजय कुमार जैन, गणेश निरपाची , पप्पू मरकाम, हरि नागवंशी आबिद खान, पर्यवेक्षक कमलेश्वरी वर्मा , कार्यकर्ता उषा यादव, रचना ध्यानी ,शोभा वर्मा कविता डेहरिया मीना चौकसे जयवंती बुनकर ,फरीदा खान सुनीता वन्देवार पूर्णिमा सिंह गीता सोनी भारती देशमुख एवं आशा कार्यकर्ता सरिता सहायिका सुनीता टांडेकर अनिता भलावी उपस्थित थी । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वार्ड नम्बर 6 की कार्यकर्ता श प्रियंका जैन ने किया । नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जिन वार्डों में आंगनवाड़ी भवन नही है वे प्रस्ताव बनाकर दे।

## मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत बांटी गई साइकिलें



**तामिया।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल तामिया में मेजर ध्यानचंद जी को याद करते हुए खेल दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गेश सलामे , भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री विनय साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया धर्मेंद्र वासनिक, छात्र पालक मंतोष डेहरिया की उपस्थिति में कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का तिलक वंदन लगाकर के के बिलासपुरिया प्राचार्य द्वारा सभी का सम्मान किया गया इस गरिमामय कार्यक्रम मे शाला के प्राचार्य के के बिलासपुर शिक्षक अनिल केचे ,भाऊराव मंडराह , खेल प्रशिक्षक ललिता वासनिक, शिक्षिका हेमलता दुफारे शाला परिवार के सभी -छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिका पालक गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को किया याद



**हरिभूमि न्यूज:तामिया।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त पर जिले के एकमात्र खेल परिसर (स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स) तामिया में सुबह 7 बजे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस बार मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती पर खेल परिसर में जूनियर सीनियर कबड्डी टीम के बीच मैच हुआ। खेल परिसर में सुबह आयोजित कार्यक्रम में बीईओ बीके सानेर,वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी प्रेरक बाबा ठाकुर, नितिन दत्ता, वरिष्ठ पीटीआई राजेन्द्र सिंह ठाकुर,अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी आदित्य आम्रवंशी,सेतु केचे, पीटीआई शैलेश राय एंव खिलाड़ी बच्चो की उपस्थिति में मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र में माल्यार्पण के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान नितिन दत्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में खेलों को नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं और विश्वस्तरीय अधोसंरचना उपलब्ध करवाई जा रही है। तामिया खेल परिसर के खिलाड़ी बच्चे अलग अलग विधा में प्रदेश में प्रतिभा प्रदर्शन कर रहे हैं। नागरिकों में खेल और फिटनेस के प्रति सकारात्मक भावना जागृत करना और उन्हें सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी आदित्य आम्रवंशी ने खेल समिति बनाने संबंधी पुरानी मांग दोहराते हुए कहा कि तामिया में खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने की दिशा में सार्थक प्रयास की आवश्यकता है।कार्यक्रम में सभी की “फिट इंडिया” शपथ दिलाई गई।

## भटके मासूमों को रेल्वे स्टेशन के पास से किया बरामद

### पुलिस ने परिजनों को सौंपकर लौटाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



पुलिस ने रेलवे स्टेशन में घूम रहे दो मासूम मिले है। दोनों मासूमों को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है। दोनो बच्चों से मिल उनके माता-पिता के चेहरे खिल उठे। उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। बता दें कि 28 अगस्त की दरम्यानी रात्रि ऑटो चालक साकित पिता इस्तायक खान उम्र 32 साल निवासी वार्ड न. 06 एन.टी.टी. टेकडी छिंदवाडा को दो बच्चे जिसमें एक बालक व एक बालिका दोनों की उम्र लगभग 05 वर्ष जो रेल्वे स्टेशन के पास घूमते (भटकते) हुए हालत में मिले। ऑटो चालक ने पुलिस को तत्काल सूचना दी ।

पुलिस कंट्रोल रुम छिंदवाड़ा रात्रि ड्यूटी में तैनात आरक्षक सतीश सूर्यवंशी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए चीता मोबाईल में लगे स्टाफ के माध्यम से दोनो बच्चो को सुरक्षित पुलिस कंट्रोल रुम लाया गया । कंट्रोल रुम प्रभारी डीएस शेन्डे के दिशा निर्देशन में बच्चों से नाम पता पूछताछ करने हेतु जिला विशेष किशोर इकाई पुलिस टीम को तत्काल पुलिस कंट्रोल रुम में बुलाया गया, तत्पश्चात बच्चो से परिजनों के नाम एवं पता की पूछताछ की गई, जो अस्पष्ट नाम एवं पता बता पा रहे थे,उपरांत संबंधित क्षेत्र में लगे चीता मोबाईल के माध्यमो से उनके परिजनों की पता तलाश की गई, नाम पता सही होने पर संबंधित बच्चो को उनके परिजनों के घर पातालेश्वर (छिन्दवाड़ा) जिसमें बालिका की माँ रविना पति राजेश उइके निवासी यादव आटा चक्की के पास पातालेश्वर तथा बालक के चाचा सुनील पिता मानिकराम उइके उम्र 50 साल निवासी पातालेश्वर (छिंदवाडा) जिन्हें बच्चों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिवारजनो द्वारा पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए प्रशन्नता जाहिर की ।

## कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का किया अपमानः शेषराव

### भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आपत्तिजनक बयान पर रोष व्यक्त करते हुए किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर एवं चारों नगर मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की बहनों को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर रोष व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि जीतू पटवारी का महिला विरोधी बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिलाओं का अपमान करने की रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए बहना लाडली होती हैं, वहीं कांग्रेस के लिए शराबी बहना होती है। जब कांग्रेस की सरकार आई थी उस दौरान प्रदेश की बहनों के साथ कांग्रेस ने छलावा किया था। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिलाओं को सम्मान देकर मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे है, वहीं कांग्रेस पार्टी और जीतू पटवारी उनका अपमान कर रहे है।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि हरतालिका तीज पर बहनें निर्जला उपवास करती हैं और ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है।

## वालीबाल खेल स्पर्धा का हुआ आयोजन



**बिछुआ।** बिछुआ में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पूरे विश्व में भारतीय हॉकी परचम बुलंद करने वाले हांकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जनजाति कार्यविभाग के संयुक्त तत्वावधान में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें बालक व बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। जिसमें बालिका वर्ग में विजेता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ वहीं उपविजेता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ रह। बालक वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोया विजेता व उपविजेता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रहा। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है, एवं उन्होंने बच्चों से निवेदन किया कि पढ़ाई के साथ-साथ में भी छात्रों की सहभागिता रहना चाहिए।

### छोटी बाजार स्थित तारण तरण चैत्यालय में एकजुट हुए जैन धर्मावलंबी

## पर्यूषण पर्व पर्यूषण जैन धर्म का एक वार्षिक पवित्र आयोजन है: दीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चौरई



शुक्रवार चौरई के छोटी बाजार स्थित तारण तरण जैन चेत्यालय जी में पर्यूषण पर्व के द्वितीय दिवस उत्तम मार्दव धर्म बड़े ही धूम धाम से मनाया गया जिसमें बाल ब्रह्मचारिणी पांचवी प्रतिमा धारी सुषमा दीदी का प्रवचनों के माध्यमों से मिल रहा है।

दीदी ने कहा है कि पर्यूषण पर्व जन जन के आत्म हित के लिए यहां जाती पंत संपदा से कोई संबंध नहीं है कर्मो का पालन करेंगे अंतरंग में प्रकट करेंगे जन जन का कल्याण होगापर्यूषण पर्व पर्युषण जैन धर्म का एक वार्षिक पवित्र आयोजन है और आमतौर पर हिंदी कैलेंडर के भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष में अगस्त, सितंबर में मनाया जाता है।

इस पावन पर्व पर चौरई नगर के जैन मंदिर जी को भव्य रूप से सजाया गया जिसमें प्रतिदिन सुबह सबसे पहले छोटी मंदिर विधि व आरती का आयोजन किया जाता है उसके तत्पश्चात बड़ी मंदिर विधि का आयोजन किया जाता है जिसमें भजन मंडली आर्केस्ट्रा साउंड सिस्टम के साथ के साथ भक्ति भाव से भक्त गण मां जिनवाणी के सामने चवार लेकर झूमते नजर आते है उसके बाद सामूहिक आरती व प्रसाद चंदन का आयोजन किया जाता है जैन धर्मावलंबी अक्सर उपवास और प्रार्थना ध्यान के माध्यम से अपनी आध्यात्मिक तीव्रता बढ़ाते हैं।

इस दौरान पाँच मुख्य व्रतों पर ज़ोर दिया जाता है। मार्दव और आर्जव जैन धर्म के ₹उत्तम₹ (सर्वोच्च) दस धर्मों में से दो हैं, जो आत्मा के शुद्धिकरण के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं. मार्दव का अर्थ है अहंकार या घमंड का त्याग करके विनम्रता, कोमलता और आत्म-निष्ठा धारण करना. आर्जव का अर्थ है मन, वचन और कर्म में सीधापन, सरलता और कपट रहित होना, यानी अपने विचारों और कार्यों में ईमानदारी रखना उत्तम मार्दव वह गुण है, जिसमें व्यक्ति अपने ज्ञान, धन, शक्ति या स्थिति के कारण घमंड नहीं करता और सभी के साथ सौम्यता से व्यवहार करता है।

मार्दव धर्म आत्मा अर्थात निजात्मा स्व-स्वरूप का धर्म है। जहाँ मृदु भाव या नम्रता नहीं है वहाँ धर्म भी नहीं है। विनम्र वो नही जो बड़ों को सम्मान दे अपितु वह है जो छोटों का भी मान रखे अपनी प्रशंसा सुनकर सब सुखी होते हैं, धर्मी तो वह है जो दूसरे की प्रशंसा सुनकर सुखी हो।

## दूर-दूर से आएं दंगल पहलवान, बड़ी संख्या में दर्शकों की रही भीड़

# पिंडरईडबीर में ईनामी दंगल पुरस्कार पाकर खुश हुए पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विकासखंड से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पिंडरई डवीर में विशाल ईनामी दंगल संपन्न हुआ। दंगल के संबंध में सार्वजनिक दंगल समिति पिंडरई डबीर के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम पिंडरई डवीर में ईनामी दंगल का आयोजन समिति द्वारा किया गया है जो कि बजरंग मंदिर मेन रोड पिंडरई डवीर में संपन्न हुआ।

दंगल में भोपाल ,बालाघाट,छिंदवाडा,जबलपुर ,सागर, वर्धा महाराष्ट्र , छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रांत जिले के अनेक दंगल पहलवानो ने इस कुश्ती में भाग लिया। दंगल में प्रथम विजेता सौरभ पहलवान को 11000 हजार रूपये नगद पुरस्कार प्रदान किए गगन पहलवान कोल्हिया को



द्वितीय पुरस्कार 4100 रुपए प्रदान किए जिसमें अंतिम विजेताओ को 101 रुपए नगद ईनाम समिति द्वारा दिए गए।

समिति ने इस आयोजित दंगल में क्षेत्र के समस्त लोगो का अतिथियों और दंगल पहलवानो का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया है।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच शर्मिला विजय चंद्रवंशी ,साहब लाल धुर्वे जनपद सदस्य अमरवाड़ा ,वरिष्ठ नागरिक विजय डेहरिया , त्रिवेंद्र मर्सकोले ,ईश्वर परतेती,संतोष धुर्वे ,पतर भलावी, महेश धुर्वे , प्रवीण मर्सकोले सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर संयोजक बने अयनेश चौकसे

**जुन्नारदेवः** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के नगर संयोजक बनने की तैयारी चल रही थी ।जिसमें कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अधिकारियों के निर्देशन में जुन्नारदेव नगर संयोजक सह संयोजक और गौ रक्षक जैसे पदों का गठन किया गया ।जिसमें नगर संयोजक बिक्की आईनेश चौकसे, सह संयोजक अंकुर सोनी,रवि,गौ रक्षक संदीप यदुवंशी को बनाया गया वही बड़ी धूम धाम से नगर में रेली भी निकली गई।

## डुंगरिया आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया एनीमिया दिवस

**डूंगरिया-**ः आंगनबाड़ी केंद्र डूंगरिया में एनीमिया दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परियोजना अधिकारी पटेल मैडम एवं पर्यवेक्षक दिव्या तैलंग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।आयोजन के दौरान गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा गया। साथ ही एनीमिया जैसी गंभीर समस्या से बचाव हेतु पौष्टिक आहार की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को समझाया गया कि नियमित रूप से हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, चना, गुड़, आयरन की गोलियां तथा दूध व फल का सेवन करने से शरीर में खून की कमी को दूर किया जा सकता है। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता सूर्यवंशी, शिवानी डेहरिया, रजनी विश्वकर्मा सहित स्थानीय महिला एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों का सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जुन्नारदेव।** मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का कार्यक्रम कल शाम नगर के विजय स्तंभ के समीप मंगल भवन में सपन्न हुआ. 11 मई 2025 को थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में गोल्ड (प्रथम )स्थान प्राप्त करने के बाद कल खेल एवं युवा कल्याण विकास विभाग, जनजातिया कार्य विभाग के द्वारा खेल दिवस के आयोजन पर बॉडीबिल्डर योगेश राठौर, ए मार्शल आर्ट अकैडमी सहित अन्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. पुरस्कार सम्मान के बाद सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए शपथ दिलवाई गई.अतिथियों के उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का होगा समापन हुआ. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोढ़े, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, एसडीएम कामिनी ठाकुर, नगर पालिका सी एम ओ नेहा धुर्वे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, प्रमोद बंदेवार, अरुणेश जायसवाल, राजेंद्र सूर्यवंशी, कप्तान अनुरोध शर्मा,संतोष बडोनीया, विभाग तारण सहीत बड़ी संख्या में नपा कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मेजर ध्यानचंद जयंती पर स्पर्धा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मेजर ध्यान चंद की जयंती पर भव्य अंतर सदन प्रतियोगिता का शासकीय महाविद्यालय जुनारदेव में आयोजन किया गयामध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा शासकीय महाविद्यालय की कीड़ा विभाग द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर अंतर सदन बैडमिंटन टेबल टेनिस का भव्य शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी नीरज पाल ने बताया इस बार मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर आयोजित अंतर सदन प्रतियोगिता की थीम शारीरिक शिक्षा व खेल कूद में रोज़गार के अवसर रखी गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर पी अजवानी तथा संस्था प्रमुख डॉक्टर ए के ताडेकर, डॉक्टर संगीता वॉशिंगटन ,प्रोफ़ेसर आर डी वाडीवा ने अपने अपने विचारों से विद्यार्थियों को कार्यक्रम की थीम पर विस्तृत जानकारी दी वहीं गत वर्ष विश्वविद्यालय दल का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों नमन साहू (बैडमिंटन ), हिमांशु डेहरिया ( क्रिकेट ) , ऋतिक मोगरे (हॉकी), अरूण यदुवंशी (कबड्डी) , जितेंद्र कवरेति (कराटे ) अमन गजभिए (पिट्टू ), अंबिका धुर्वे( क्रिकेट) तथा ममता ठाकुर को क्रिकेट में छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय दल का प्रतिनिधित्व करने पर T शर्ट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### ग्रामीण किसानों के विद्युत समस्या का हुआ समाधान

**सौसर।** शुक्रवार विधायक निवास पर ग्राम कोंडासांवरी के किसानो ने पहुंचकर विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक विजय चौरे से भेंट की। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोंडासांवरी के किसानो की लगभग 7 वर्षो से विद्युतीकरण कार्यों की राशि लंबित थी किसानों ने विद्युत कनेक्शन उपलब्ध होने की आशा में लाखो रुपए की राशि लगाकर कुंए का निर्माण किया था। परंतु सफलता नहीं मिल पाई थी।विधायक श्री चौरे द्वारा इस हेतु विधानसभा प्रश्न लगाकर इस मुद्दे को उठाया गया।जिसके बाद आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा म.प्र.पू. श्री.वि.वि.क.लि. छिन्दवाड़ा को ग्राम कोड़ासांवरी के कृषकों के विद्युतीकरण कार्यों हेतु 27 लाख 16 हजार 200 रुपए का भुगतान किया गया। ग्राम चिरकूटागोंदी के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग म.प्र. के द्वारा म.प्र.पू.श्री. वि.वि.क.लि. छिन्दवाड़ा को 16 लाख 23 हजार 92 रुपए की लंबित राशि प्रदान की गई। अब जल्द कोंडासांवरी और ग्राम चिरकूटागोंदी लोगो को विद्युत कनेक्शन मिलेंगे।

## शिक्षा ही वह मार्ग है जो हमें जीवन के लक्ष्यों तक पहुंचाता हैः मोहोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्राम कोपरवाडी कला में स्थित शासकीय उमा विद्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण हुआ। अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे, भाजपा नेता मोरेष्वर मर्सकोले, भास्कर गुढदे, सरपंच श्रीमती इंद्रायणी वाडोदे, प्राचार्य राजकुमार भुमर, भाजयुमों अध्यक्ष विवेक गायकवाड उपस्थित थे।

विधिवत पूजा अर्चना कर 6 लाख रूपयें की राषी से नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि, षिक्ष ही वह मार्ग है जो हमें जीवन के लक्ष्यों तक पहुचाता है, गुणवत्तापूर्ण षिक्षा से ही बच्चों का सर्वागिण विकास संभव है और यही राष्ट्र निर्माण की सच्ची नींव है। विद्यार्थियों को मेहनत, अनुषासन और लगन से अध्ययन करने की प्रेरणा लेनी चाहिये। अतिक्त कक्ष निर्माण होने से यहा अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढाई हेतू अधिक सुविधा उपलब्ध होगी।

अब विद्यार्थियों को बेहतर षैक्षणिक माहौल प्राप्त होगा जिससे षिक्षा की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में प्राचार्य राजकुमार भूमर ने जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ एवं अन्य अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सन्त आशाराम बापू पर नहीं यह हिन्दू धर्म पर अत्याचार है : साहू



**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में आज सैकड़ों लोगों ने विराट रैली निकालकर महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर सन्त श्री आशाराम जी बापू पर हो रहे अत्याचार रोकने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि 31अगस्त सन 2013 को सनातन संस्कृति के रक्षक सन्त श्री आशाराम जी बापू को जबरन एक झूठे आरोप में गिरफ्तार किया गया था । तब से उनके करोड़ों करोड़ों शिष्य 31 अगस्त को काला दिवस मनाते हैं और 750 जिला केंद्रों पर ज्ञापन देकर शांति पूर्वक विरोध प्रदर्शन करते हैं । पूरे विश्व में पहले चार संस्कृतियाँ प्रमुख थीं । जिसमें यूनान ,रोम , मिश्र और सनातन संस्कृति प्रमुख थीं। जिसमें से आततायियों ने पहले की तीन संस्कृति को समाप्त कर दिया अब उनकी नजर सनातन संस्कृति पर है । जो सबसे प्राचीनतम है । जो समस्त प्राणियों के कल्याण की बात करती है । इतिहास गवाह है जब - जब इन संस्कृति के रक्षक हुए है उन पर घोर अत्याचार भी हुआ है । भगवान बुद्ध , महावीर , गुरु नानक देव , कबीर प्रमुख है । भगवान बुद्ध पर झूठे आरोप , गुरु नानक देव को जेल में डालना , गुरु तेगबहादुरजी का सिर कलम करना , कबीर जी को काशी से पलायन कराना , स्वामी विवेकानंद जी को उनके गुरु की समाधि के लिए जगह से वंचित करना , ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं । पर जब - जब सन्तों पर अत्याचार हुआ है प्रकृति ने अपना खेल दिखाया है ।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, छात्रों ने दिखाया उत्साह

## शासकीय महाविद्यालय, लांजी में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय संस्था म.प्र. भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के निर्देशानुसार 29 अगस्त 2025 को शासकीय महाविद्यालय, लांजी में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. आर. आर. सोनवाने प्राचार्य एवं मंचासीन समस्त अधिकारियों मां सरस्वती एवं मेजर ध्यानबंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वल्लित किया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानन्द प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रिडा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। सर्वप्रथम नितेश मेश्राम (कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस) ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. सुरेन्द्र कुमार चिखले ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विस्तार से जानकारी दी तथा छात्रों को खेल के प्रति रूचि जाग्रत करते हुए खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. गोलु परत ने खेल के महत्व एवं लाम पर जानकारी दी । मंच संचालन कर रहे डॉ. ढालेश कुमार विजयवार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क पाया जाता है। इसलिए हमें अध्ययन के साथ साथ खेल भी खेलना अनिवार्य है। मेजर ध्यानचंद के संघर्ष की कहानी को बताते हुए कहा कि देश के लिए 1928,1932 एवं 1936 में ओलंपिक में परचम फहराया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रो. आर. आर. सोनवाने ने राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी एवं कहा कि राष्ट्रीय खेल हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म जयंती में अवसर पर कहा कि खेल हमारे शारीरिक व मानसिक विकास के लिए उतने ही आवश्यक है जितनी शिक्षा हमें ध्यानचंदजी के अनुशासन और खेल भावना से प्रेरणा लेनी चाहिए । राष्ट्रीय खेल दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत खेलों के क्षेत्रों में विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए है। युवाओं को खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए । डॉ. गौतमा कठाने (स्वामी विवेकानन्द मार्गदर्शन प्रकोष्ठ) नें आभार व्यक्त किया। अंत में प्रार्चाय द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं को दिलाई।

## लांजी से 6 खिलाड़ियों का कबड्डी में चयन



**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित जिला स्त्री वॉलीबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड लालबर्रा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के तत्वाधान में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के कबड्डी अंडर 14 17 एवं 19 आयु वर्ग मे 7 विकासखंड के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें लांजी विकासखंड के एवं भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी लांजी के 7 खिलाड़ियों ने 17 वर्ष आयु एवं 19 आयु वर्ग में ब्लॉक खेल समन्वयक प्रज्ञात वासनिक एवं प्रशिक्षक भगवंति खान एवं रितेश आमाडारे के नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

19 वर्ष आयु वर्ग में जगदीश रावत, रूपेंद्र पांचे, मोहम्मद कैस खान, एवं संदीप बाहे वही 17 वर्ष आयु वर्ग में गौरव एवं सिद्धार्थ का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी आगामी तिथि में नरसिंहपुर में अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। चयनित खिलाड़ियों को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी के प्रभारी प्राचार्य दुर्गेश फुलारे, आदरणीय चिखले सर खेल शिक्षक रामगोपाल नगपुरें एवं समस्त शाला परिवार एवं भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी से नवीन रामटेक्कर,राकेश मर्सकोले दीपांकर भार्गव साहिल पांडे,वरुण बड़मे,यश वानखेडे,नवीन मात्रे,विनोद चौधरी,विनय सातपुते एवं सभी

### माधवराव गोलवलकर स्मृति न्यास में किया गया पुस्तकालय का शुभारंभ

**वारासिवनी।** माधवराव गोलवलकर स्मृति न्यास द्वारा बहुपयोगी पुस्तकों का पुस्तकालय वारासिवनी में नगरवासियों के लिये प्रारंभ किया गया हैं। पुस्तकालय में धार्मिक, सामाजिक, ऐतिहासिक, भूगोल, विज्ञान आदि अनेक विषयों से संबंधित पुस्तके उपलब्ध है। छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य के निर्माण के लिये आवश्यक पुस्तके इस पुस्तकालय में निः शुल्क उपलब्ध है। सभी महापुरूषों की जीवनी का संग्रह युवाओं को प्रेरणा देने के लिए एवं सभी धार्मिक ग्रंथ, पुराण एवं प्रख्यात साहित्यकारों के साहित्य का संग्रह इस पुस्तकालय में आकर पढ़ा जा सकता हैं। नगर के सभी वर्गो के नागरिकों एवं विद्यार्थियों हेतु पुस्तक के निःशुल्क उपलब्ध है। पुस्तकालय का शुभारंभ न्यास के न्यासी जितेन्द्र टेम्भरे, प्रीतम खटवानी एवं श्रीरंग देवरस द्वारा किया गया।

## गढ़ी सरपंच ने चलाया पंचायत में स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई अभियान चलाया गया जिसका उद्देश्य पंचायत को कचरा मुक्त और स्वच्छ बनाना है इसी प्रकार मंडई टेकरा नलकूप के आजू,बाजू की साफ सफाई व नालियों और चौराहा की सफाई की गई ताकि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े और बीमारी से बचाव हो सके वहीं सोकता गड्ढा के पुनः सुधार कार्य में अपनी सहभागिता श्रमदान के रूप में की है, तथा पुराने कचरे के ढेर, सड़क किनारे कचरे के ढेर व नालियों की सफाई की ताकि आम जन में भी अपने कर्तव्य बोध की भावना जागृत हो सके सरपंच ने कहां की स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है वही ग्राम में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया,विदित होवे कि ग्राम पंचायत गढ़ी द्वारा 20 अगस्त से सद्भावना सप्ताह मनाया गया किंतु अब इसे पखवाड़ा के रूप में परिवर्तित कर ग्राम में जन जाग्रति,एवम् आम जन के सहभागिता में विस्तार मिल सके।

### ग्राम सोनपुरी में दुर्गा उत्सव को के कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**किरनापुर।** 28अगस्त 2025 को ग्राम सोनपुरी के हनुमान मंदिर में नव रात्रि दुर्गा उत्सव को लेकर हुई बैठक नवरात्री पर्व मनाने हेतु नई कार्यफलकारिणी समितिः-उपस्थित ग्रामीण एवं दुगी उत्सव समिती के सदस्यों द्वारा सर्वसहमती से पूर्व में बनी समिती को यथावत रखी जाने की सहमती प्रदान की। समिती इस प्रकार है।अध्यक्ष - भूपेन्द्र अजीत उपाध्यक्ष-कमलेश चौधरी, चन्दु राहंगडाले, सचिव-नन्दकिशोर पाँचेकोषाध्यक्ष , कृष्णकुमार बावनथडे सहसचिव ,श-अतुल उयकेसंरक्षक , मण्डल अध्यक्ष-लिखनलाल कावरे , गंगाराम निवाडेश्री, खुमेशचन्द्र अजीत, श्रीराम नागफासे, मारोती मिसरेकर,हुकुमचन्द सिलल्लारे, धर्मेन्द्र वराडे,, बाबा अर्जुनवार , पवन बिसेन, चैनलाल उयके, किसनलाल उयके, लोकेश अजीत, अरविंद वराडे, सुनीलकावरे -बंटी अर्जुनवार, योगेश ब्रम्हे, भरत भूते, कपूरचंद पाचे।,पंडा बाबा - गंगानंद मिश्रा जी (झारखण्ड) सिध्दार्थ वैधविशेष सहयोग - जगदीश निखाडे ।

### कला अध्ययन शाला की युवतियों ने जीता फाईनल मैच

## शासकीय महाविद्यालय में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय एस एस पी महाविद्यालय वारासिवनी के खेल प्रांगण में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ योजना के अंतर्गत क्रीडा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंभ मेजर ध्यानचंद जी के छाया चित्र पर पूजन वंदन के साथ किया गया। तत्पश्चात क्रीड़ा अधिकारी विकास साहू द्वारा प्रतियोगिता के स्वरूप पर प्रकाश डाला।

इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व संस्था प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम द्वारा खेल दिवस के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 29 अगस्त 1905 को मेजर ध्यानचंद जी का जन्म हुआ था। इनके जन्म दिवस को ही प्रतिवर्ष संपूर्ण भारत देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। मेजर ध्यानचंद जी के महान व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि मेजर ध्यानचंद जी की खेल शैली इतनी ज्यादा निपुण थी कि मेजर ध्यान चंद जी को हॉकी का जादूगर कहा जाता था। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद जी 1928 एमस्टरडम, 1932 लॉस एंजेलिस, 1936 बर्लिन में गोल्ड मेडल विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे, सेना में रहकर देश की सेवा की, जर्मनी के चांसलर एडोल्फ हिटलर ने भी उनके खेल से मनमोहित होकर उनको जर्मनी की नागरिकता एवं सेना में उच्च पद प्रदान कर जर्मनी के लिए खेलने की पेशकश की थी। परन्तु मेजर ध्यानचंद जी ने अपने भारत देश के लिए ही खेलना उचित समझा।

इसके बाद समस्त प्रतियोगियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का मैच आरंभ किया गया। प्रथम मैच कला अध्ययन शाला विरुद्ध विज्ञान अध्ययनशाला के विरुद्ध खेला गया, जिसमे कला अध्ययन शाला विजय रहा। प्रतियोगिता का दूसरा मैच विधि अध्ययन शाला विरुद्ध वाणिज्य अध्ययन शाला के बीच खेला गया, जिसमें विधि अध्ययन शाला विजय रही।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच कला अध्ययन शाला विरुद्ध विधि अध्ययन शाला के बीच खेला गया, जिसमें कला अध्ययन शाला विजय रही। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में कला अध्ययन शाला को विजय होने पर सांकेतिक गोल्ड मेडल, उपविजेता विधि अध्ययन शाला को सांकेतिक सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने हेतु विज्ञान अध्ययन शाला एवं वाणिज्य अध्ययन शाला को भी मैडल से पुरस्कृत किया गया।

## गौशाला की भूमि पर भूमाफियाओं व ग्रामीणों ने किया अतिक्रमण

### समिति 3 साल से कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार से जमीन से कब्जा हटाने कर रही निवेदन, अधिकारियों-कर्मचारियों का नहीं हैं ध्यान

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश व देश में भूमाफियाओं द्वाराशासकीय भूमियों पर अतिक्रमण कर कब्जा करने का खेल लगातार चल रहा हैं। इस खेल में अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत कोई नई बात नहीं हैं। कई शिकायतों के बाद भी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अतिक्रमणकारी भूमाफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। जिससे भूमाफियाओं व अतिक्रमणकारियों के हौसले लगातार बुलंद होते रहते हैं।

ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम पंचायत कचेखनी से सामने आया हैं। ग्राम कचेखनी में शासन द्वारा लगभग 12 एकड़ भूमि गौशाला के लिए प्रदान की गई हैं। जिसमें नरसिंह गौरक्षा समिति के द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है। जहॉ पर सैकड़ों बीमार व अपाहिज गायों का रखरखाव व इलाज किया जाता हैं।

इस गौशाला के चारों ओर बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण अब भूमाफियाओं व ग्रामीणों द्वारा पिछले कुछ वर्षो से गौशाला की भूमि पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा हैं। इस संबंध में पिछले 3 वर्षो से नरसिंह गौरक्षा समिति अध्यक्ष दर्शन नगपुरे द्वारा पत्र लिखकर व व्यक्तिगत रुप से मिलकर कलेक्टर बालाघाट, एसडीएम वारासिवनी, तहसीलदार खैरलॉजी को जानकारी देकर गौशाला की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की गुहार लगाई जा रही है, लेकिन आज तक किसी भी अधिकारी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया हैं। जिससे भूमाफियाओं व ग्रामीणों द्वारा गौवंश के चारागाह की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा हैं।

अब इस मामले को लेकर नरसिंह गौरक्षा समिति अध्यक्ष दर्शन नगपुरे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र मेल के माध्यम से भेज कर गौशाला की भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटवाने और गौशाला में बाउंड्रीवाल बनवाने की मॉग की है।

### इनका कहना हैः-

गौशाला संचालन के लिए शासन से लगभग 12 एकड़ भूमि मिली है, जिसमें चारागाह भी शामिल हैं। लेकिन इस भूमि पर भूमाफियाओं व ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लगातार कब्जा किया जा रहा हैं। जिससे गौशाला संचालन में परेशानी खड़ी हो रही हैं। पिछले 3 वर्षो से अधिकारियों कर्मचारियों को पत्र व व्यक्तिगत अनुरोध करने के बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा हैं। यदि ऐसी ही स्थिति रही, तो हमें गौशाला वापस शासन को सौंपने के लिए विवश होना पड़ेगा।

**दर्शन नगपुरे अध्यक्ष नरसिंह गौशाला समिति खैरलॉजी।**

**खबर संक्षेप**

### बोरीकला के छात्राओं का स्टेट के लिए हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे के निर्देशन में संभागीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता धारनाकलां जिला सिवनी में दिनांक 29/08/25 को संपन्न हुई। जिसमें संभाग सिवनी,छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर एवं जबलपुर जिले के छात्र छात्राओं द्वारा अपने खेल का प्रदर्शन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरीकलां के प्राचार्य संजय वहाने के मार्गदर्शन, टीम मैनेजर कोमल गढ़पाल एवं कोच जमीरूननिशा अंसारी के नेतृत्व में शाला के छात्रों का दल धारनाकलां के लिए रवाना हुआ। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने उमदा प्रदर्शन किया। तदोपरांत आरुषि,विशाखा, प्रीति का स्टेट के लिए शलेक्शन हुआ। जिला खेल प्रबंधन द्वारा छात्रों को खेल कीट प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य एस.के वहाने,जिला खेल अधिकारी जस्सी थामस एवं देवेंद्र ठाकुर द्वारा शाला के टीम मैनेजर कोमल गढ़पाल,कोच मती जमीरूननिशा अंसारी के साथ छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। ज्ञात हुआ है कि स्टेट स्तरीय प्रतियोगिता सिहोर जिले में संपन्न होगी।

# 3000 रुपये के ईनामी आरोपी को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुसिमाला प्रसाद व्दारा बालक-बलिकाओं के विरुध्द हो रहे अपराधो पर तत्परता से कार्यवाही एंव फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। साथ ही उन पर घटित अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है। जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी. सिवनी मति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीश तिवारी व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।

दिनांक 20/07/2025 को नाबलिग पीडिता ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि राहुल ठाकुर नाम के व्यक्ति व्दारा बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर गलत कृत्य किया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमांक 340/2025 धारा 64(2), (एम), 65 (1) बीएनएस ,5 (एल)/6 पाक्सो का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया था तब से आरोपी फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु श पुलिस अधीक्षक द्वारा 3000 रुपये का ईनाम की घोषणा की गयी थी। थाना प्रभारी निरी. सतीश तिवारी के नेतृव मे थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी की लगातार सघन तलाश पतासाजी करते हुए दिनांक 25/08/2025 को एफसीआई गोदाम बरघाट रोड डूण्डासिवनी के पास आरोपी राहुल के होने की सूचना मिलने पर तत्काल हमराह स्टाफ के रवाना हो एफसीआई गोदाम के पास आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय व्दारा आदेशित करने पर फरार आरोपी को जिला जेल सिवनी में निरुध्द किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः राहुल पिता प्रीतम ठाकुर उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कोसमी थाना बरघाट जिला।

### कुरई पुलिस द्वारा 8 वर्ष पूर्व अपहृत नाबालिक को दस्तयाब कर परिजन को सौंपा

थाना कुरई पुलिस द्वारा 08 वर्ष पूर्व अपहत नाबालिक को दस्तयाब कर परिजन को सौपा गया पुलिस अधीक्षक सिवनी सुसिमाला प्रसाद द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारीयों को नाबालिक लडकियों को दस्तयाब करने हेतु आदेशित किया गया है। जो उक्त आदेश के परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के कुशल मार्ग दर्शन मे नाबालिक अपहता को किसी अज्ञात व्यक्ती द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने से थाना कुरई मे अप.क्र. 420/2017 धारा 363 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। अपहता की तलाश पतासाजी हेतु थाना कुरई एवं चौकी बादलपार से संयुक्त टीम गठित कर अपहता की लगातार तलाश पतासाजी की गई जो अपहत नाबालिक लडकी को दिनांक 28/08/2025 को दस्तयाब किया जाकर उसके के परिजनों के सुपुर्द किया गया। सराहनीय कार्य एसडीओपी. बरघाट ललित गठरे, निरी. के. एस. टेकाम, उनि. आर.एस. राजपूत, प्र.आर. योगेन्द्र सिंह चौहान, प्र.आर. राजकुमार सिरशाम, आर. विजय, आर. अरविन्द इवनाती की नाबालिक अपहता की दस्तयाबी ने उल्लेखनीय भूमिका रही।

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस में हुए विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर व राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पीजी कालेज सिवनी में खेल दिवस के आयोजन अंतर्गत महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं व एन सी सी के केडेट्स व पूर्व खिलाड़ियो की उपस्थिति में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय,प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग,वरिष्ठ प्राध्यापको की गरिमामयी उपस्तिथि में कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम के संचालक क्रीड़ा अधिकारी के सी राउर ने आयोजन के उद्देश्य के साथ मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े रोचक व अनछुए पहलुओं से अवगत कराया कार्यक्रम में डॉ सीमा मरस्कोले ने ध्यानचंद जी को याद करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनायें दी इस अवसर महाविद्यालय प्राचार्य ने खेलो के महत्व को साझा करते हुए खिलाड़ियो को खेलो से जुड़कर व्यक्तिव विकास के साथ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनाने तक के सफर को कैसे तय किया जाये इस पर विचार रखे।

# सहायक आयुक्त अमर सिंह उईके को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया

**मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय ने सहायक आयुक्त अमर सिंह उईके को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

डिण्डोरी जिले में सहायक आयुक्त रहते हुए अमर सिंह उईके पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे थे। इसी संबंध में थाना कोतवाली डिण्डोरी में अपराध क्रमांक 0128/2024 पंजीबद्ध किया गया था। उनके खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 (ठगी), 409 (आपराधिक विश्वासघात) एवं 34 (सामूहिक अपराध) के तहत मामला दर्ज है।

प्रकरण विचाराधीन रहने के दौरान अमर सिंह उईके 29 जुलाई 2024 से 10 मई 2025 तक जिला जेल डिण्डोरी में न्यायिक अभिरक्षा में रहे। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(2)(क) के अनुसार, 48 घंटे से अधिक न्यायिक हिरासत में रहने पर अधिकारी का निलंबन अनिवार्य है।

इसी नियम के तहत राज्य शासन ने अमर सिंह उईके (वर्तमान सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य जिला सिवनी) को निलंबित कर उनका मुख्यालय भोपाल स्थित कार्यालय संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास, भोपाल संभाग निर्धारित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

# छात्र के साथ मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करने वाले शिक्षक के विरुद्ध थाना कुरई में मामला दर्ज

**जिला सिवनी के थाना कुरई के ग्राम अर्जुनी की शासकीय प्राथमिक शाला का एक वीडियो दिनांक 28/08/2025 को सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।**



हरिभूमि न्यूज कुरई।

जिसमें एक शिक्षक महेश चौधरी द्वारा स्कूल के छात्र को क्रूरता पूर्वक पिटाई की गई थी जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल संज्ञान मे लेते हुए पीड़ित बालक की तरफ से FIR दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया था। सम्पूर्ण घटनाक्रम की जांच करने पर यह तथ्य सामने आया की शिक्षक महेश चौधरी द्वारा स्कूल परिसर में आदिवासी छात्र के साथ क्रूरता पूर्वक पिटाई कर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था। वीडियो में शिक्षक द्वारा बांस की लकड़ी को उठाकर छात्र की पीठ तरफ फंसाकर क्लासरूम में रखी टेबल के सहारे उल्टा लटका दिया था। जिसकी शिकायत मिलने पर जनजातिय कार्य विभाग द्वारा उक्त शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया एवं थाना कुरई में आज दिनांक को फरियादी विजय भलावी निवासी अर्जुनी थाना कुरई की तरफ से अप.क्र. 433/2025 धारा 296,115 (2) BNS, 3(1) (द), 3(1), (घ), 3(2) (va) SC/ST act. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पीड़ित बालक के उपचार हेतु भी जिला प्रशासन द्वारा मदद की जा रही है।

# पेंच टाईगर रिजर्व द्वारा कौशल विकास उन्नयन मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



माह अगस्त 2025 में पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत वन परिक्षेत्र कुभंपानी, खमारपानी, घाटकोहका, रूखड एवं खवासा बफर जोन अंतर्गत आने वाले ग्रामों में बेरोजगार युवक युवतियों के कौशल विकास हेतु दिनांक 21/08/2025 से 28/08/2025 तक कौशल विकास उन्नयन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत आने वाली 130 ईको विकास समितियों के 759 बेरोजगार युवक/युवतियों ने भाग लिया।

बेरोजगार युवक युवतियो के कौशल विकास हेतु कौशल विकास उन्नयन मेला मे रुरल स्किल डेव्हलपमेंट के ट्रेनर अमीन शेख, संदीप कोशवाल एवं अरूण पवार के द्वारा जे.सी.बी. आपरेटर, मोबाइल हार्डवेयर टेक्नीशियन, टेक्नीशियन (फ्रिज, मिक्सी, पंखे, कूलर, प्रेस इत्यादि), मल्टी कुसिन कुक आदि ट्रेड की जानकारी दी गई, एंजल समाज सेवी संस्था के ट्रेनर संजय रघुवंशी के द्वारा बाइक रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिशियन, सोलर पेनल इंस्टालेशन, वेल्डर आदि ट्रेड की जानकारी दी गई तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ट्रेनर मति भारती प्रजापति द्वारा टू व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन लेवल 4, टू-व्हीलर मैकेनिक आदि ट्रेड की जानकारी दी गई तथा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु काउंसलिंग की गई। कौशल विकास उन्नयन मेला मे उपस्थित इच्छुक बेरोजगार युवक युवतियों को उनकी रुचि अनुसार अलग-अलग ट्रेड मे प्रशिक्षण दिया जावेगा। प्रशिक्षण में होने वाले व्यय का वहन युनिटी बैंक, एन.जी.ओ. एवं व्यक्तिगत दान दाताओं इत्यादि के सहयोग से किया जायेगा। यह प्रशिक्षण आगामी 01 वर्ष में क्रमिक रूप से सम्पन्न कराया जायेगा जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके।

# भारतीय किसान संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारतीय किसान संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक दिन गुरुवार आयोजित हुई। किसानों की विभिन्न समस्या क्षेत्र मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित हुई और किसानों की समस्या सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर आगामी समय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने संबंधित बैठक में चर्चा की गई।बैठक में भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष ज्वालासिंह बघेल, महामंत्री मेहतलाल बिसेन, जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी कार्यकर्ता बरघाट क्षेत्र से किसान कृषक बैठक में शामिल रहे।

# सिवनी पुलिस का फिंगर प्रिंट, एमसीयू व नेफीस सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



पुलिस मुख्यालय भोपाल के मिशन कर्मयोगी अंतर्गत विभाग में कर्तव्यस्थ अधिकारियों व स्टॉफ को तकनीकी दक्षता व व्यवसायिक कुशलता हेतू मान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी सुसिमाला प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन व अति पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में नियंत्रण कक्ष सिवनी में निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे व अंगुल चिह्न विशेषज्ञ उपनिरीक्षक मती रीतू उइके,सउनि कमल शंकर तुमराम द्वारा फिंगर प्रिंट और एमसीयू (मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट),नेफीस (नेशनल ऑटोमेटेड फिंगर प्रिंट आइडेंटीफिकेशन सिस्टम) से संबंधित प्रशिक्षण जिले के समस्त थानों व चौकियों से उपस्थित विवेचकों व पुलिस स्टॉफ को प्रदाय गया। उक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण में तकनीक के महत्व,अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने, न्यायालय में वैज्ञानिक साक्ष्य के रूप में उपयोगिता,क्रिमिनल एंड मिसिंग ट्रैकिंग,प्रैक्टिकल एप्रोच आदि के साथ सभी तथ्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त प्रशिक्षण में प्र.आर. विनय मसराम,आर. सौमित्र उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# माटी- गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयकसौरभ शुक्ला एवं विकासखंड समन्वयक मती मोनिका चौरसिया के मार्गदर्शन में नावंकुर संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन गोपालगंज द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज में माटी- गणेश सिद्ध गणेश अभियान चलाया गया इसके अंतर्गत जिले में 35000 घरों तक माटी -गणेश की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है इसी क्रम में आज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिवनी द्वारा चयनित नावंकुर संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन गोपालगंज के अध्यक्ष रंजीत साहू एवं सचिव अशोक कुमार शिववेदी तथा स्वैच्छिक संस्था दिव्यआदर्श शिक्षा समिति की अध्यक्ष मती माया भलावी ने माटी -गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया। विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया एवं परामर्शदाता मती कविता बेले, धीरेंद्र चौरसिया द्वारा प्रतिभागियों को पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया कार्यक्रम में हेमंत कुमार मरावी प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज, शिक्षक गण मती ज्योति उइके, बृजेश पटेल,शंकर सिंह चौहान,एम के उपाध्याय एवं संस्था की वालंटियर केवल सिंह रहाँगडाले, प्रहलाद चंद्रवंशी, विशालअवधीया, सागर क्रोशिया आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

### धनौरा में हॉकी के जादूगर स्वर्गीय श्री ध्यानचंद जी की 120 वें जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया



**धनोरा।** सनचनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देश अनुसार जिला खेल युवा कल्याण विभाग अधिकारी मनु धुर्वे जी के मार्गदर्शन में विकासखंड धनौरा के ग्रामीण युवा केंद्र धनोरा एवं सांदीपनि धनोरा में हॉकी के जादूगर स्वर्गीय श्री ध्यानचंद जी की120 बे जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। खिलाड़ियों एवं छात्र-छात्राओं को खेल की शपथ, दिलाई गई। वॉलीबॉल का मैच कराया गया। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय धनोरा के प्राचार्य पी एस जाबरिया के द्वारा ,राष्ट्रीय खेल दिवस ,का महत्व बताया गया, अतिथियों में नवल किशोर श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष के द्वारा छात्र-छात्राओं को खेल बारीकियों खेल के गुण ,नियम खेल से होने वाले लाभ को बताया गया। इस कार्यक्रम में सुजन सिंह बघेल महामंत्री मंडल धनोरा कृष्ण कुमार अग्रवाल व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर सौरव साहू सोशल मीडिया, प्रभारी पंकज बघेल युवा मोर्चा महामंत्री , घनश्याम अग्रवाल दीपू अग्रवाल गणेश यादव, प्रेमशिला एडे ,कन्या धनोरा, रामप्रसाद निर्मलकर ग्रामीण युवा समन्वयक धनोरा, एस आर उईके, टी, एस मरकाम, कृष्णा मर्सकोले , महेंद्र श्रीवास्तव, होमन सिंह सल्लाम ,राकेश वर्मा, मंगरु लाल अहिरवार, राजकुमार चौहान, गेंदालाल अहिरवार, टी धुर्वे, संजीत बेलिया, शुभेन्द्र सोनी, विजय झरिया, अंजली सेन, प्रदीप उईके, अक्षय पटेल, आकांक्षा जैन, भूमिका विश्वकर्मा, रोशनी कटरे, मुकेश हिरवानी, एवं समस्त सांदीपनी विद्यालय धनौरा का स्टाफ उपस्थित रहा।

# हथकरघा के वस्त्र चर्म रोग आदि बीमारियों से भी बचाते हैं-मुनि श्री भावसागर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य , मुनि श्री धर्मसागर जी महाराज,मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में एवं डॉ नवीन कुमार जैन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य के निर्देशन में दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत 29 अगसत2025 को मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई जिसके अंतर्गत अभिषेक, विशिष्ट मंत्र शांतिधारा , दशलक्षण महापर्व पूजन, छत्र अर्पण, चंवर स्थापित किए गए, अनेक लोगों ने शास्त्र दान का सौभाग्य प्राप्त किया ,दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का वाचन चल रहा है और मुनि श्री के द्वारा कक्षाएं चल रही है , शाम को मुनि श्री धर्म सागरजी महाराज के द्वारा उद्बोधन चल रहा है, रात्रि में प्रतिदिन महा आरती, योगाचार्य जी के प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम,प्रतियोगिता चल रही है। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि, ध्यान के माध्यम से शरीर मन और आत्मा के रोग ठीक हो जाते हैं, 5 करोड़ 68 लाख 99584 प्रकार के रोग होते हैं, परोपकार के कार्य के लिए तो घर भी बेचना पड़े तो भी देना चाहिए ,ध्यान में शरीर को स्थिर करना पड़ता है ,किसी की हंसी नहीं उड़ाओ अपनी निंदा, आलोचना करो, मैंने कितने पाप किए हैं ,दूसरों की प्रशंसा करने से फायदा होता है ,अपनी प्रशंसा में खुद ताली नहीं बजाना चाहिए ,बड़े-बड़े दानी सरल स्वभाव के होते हैं, नीचे भी बैठ जाते हैं ,उनके अंदर मान कषाय का अभाव होता है ,आज चोर भी हाईटेक हो गए हैं ऑनलाइन चोरी हो जाती है आपका धन, सब का इतिहास काला है ,लेकिन वर्तमान को उज्जवल बना सकते हैं पूरे फल के लिए तैयार रहो कब कौन से कर्म उदय में आ जाएं, प्रतिक्रमण से स्नान जैसे पवित्र हो जाते हैं, भगवान के सामने अपनी आलोचना जरूर करो, अपने अपराधों की आलोचना जरूर करें ,जीवन कब समाप्त हो जाए पता नहीं ,उत्तम त्याग के दिन विशेष दान करना है तैयार रहे, मन ,वचन काय की कुटिलता ठीक करना है, धन तो सभी के पास रहता है लेकिन मन सभी के पास नहीं रहता है ,मायाचारी एक्सरे में आ सकती है फोटो में नहीं आती है, छल, ठगने के भाव का परिवर्तन करना है, मन ,वचन, काय से सरल होना , सरलता जीवन की अमूल्य निधि है ,मान मीठा बादशाह है , सरलता एक ऐसा मंगल द्वार है जिसके माध्यम से आत्मा में असीम गुणों का प्रवेश हो जाता है, पैसो से परमात्मा नही लेकिन पैसो के त्याग से परमात्मा मिलते है , चोरी का धन तीन पीढ़ी से ज्यादा नही रहता है ,रास्ता टेडा होने पर पेट्रोल ज्यादा लगता है, दूसरो को छलने से स्वयं की आत्मा में छाले पड़ते है ,सरल व्यक्ति की बैरी भी प्रशंसा करते है , अभिषेक,पूजन, आहार दान मांगलिक कार्यक्रम में हथकरघा के वस्त्रो का उपयोग करना चाहिए, यह शुद्ध होते हैं ,कैदियों को, गरीबों को, महिलाओं को रोजगार मिलता है इसमें उनकी भावना भी जुड़ी होती है , चर्म रोग आदि बीमारियों से भी बचाते हैं ,पर्यावरण की रक्षा करते हैं, भारतीय संस्कृति की भी सुरक्षा होती है।

### हर क्षेत्र में खिलाड़ी की अग्रणी भूमिका : मुनमुन

# खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद कोई याद किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार एवं संस्कृति जैन, कलेक्टर व सिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 29 अगस्त 2025 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम सिवनी में प्रातः 08:00 बजे से राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया।

विभाग की ओर से दिनेश राय मुनमुन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत मती मनु धुर्वे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी के द्वारा तथा शेष अन्य उपस्थित अतिथियों का स्वागत विभागीय कर्मचारियों के द्वारा किया गया। स्वागत उपरांत कार्यक्रम का संक्षिप्त वाचन जिला खेल अधिकारी द्वारा किया गया। इसके उपरांत माननीय दिनेश राय मुनमुन विधायक महोदय के द्वारा अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व को बताते हुए मेजर ध्यानचंद जी के संबंध में उनके हॉकी खेल के प्रति समर्पण एवं त्याग से प्राप्त सफलता को बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को खेल से जुडे.रहने एवं प्रति दिवस कम से कम एक घंटा खेल मैदान में अपने स्वस्थ्य जीवन के लिए आवश्यक बताया। इसके उपरांत फिट इंडिया के तहत सभी उपस्थितों को विधायक द्वारा शपथ दिलाई गई। शपथ उपरांत हॉकी फीडर सेंटर एवं खेलो इंडिया लघु हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र के खिलाड़ियों को विधायक महोदय के हस्ते खेल किट का वितरण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता एवं खेल के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि अर्जित करने वाले व खेलों के प्रति समर्पित वरिष्ठ खिलाडियों एवं खेल प्रशिक्षकों में डी.एल. गौर, चंद्रकांत साकुरे, फैज कबीर, नौसीन नाज, तनिष्का वास्तव, आदित्य सेंगर, परि साहू, प्रतिज्ञा पटेल, राधिका कश्यप, सलीम खान, बरातीलाल उइके, विनोद शर्मा, राम डहेरिया, फिरोज खान, मुस्ताफिजुल हसन, राजलक्ष्मी यादव, प्रियंका काकोडिया, देवेन्द्र ठाकुर, हेमंत विश्वकर्मा, संजय बघेल, संजय शर्मा, नारायण प्रजापति, योगेश नाविक, अब्दुल हक खान, जैनब उर्फ संगीता सिंह, रंजना भलावी, फैसल खान को स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया।



# डेक्स बेंच में बैठकर बच्चों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज छपारा।



श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति छपारा के सदस्यों द्वारा सिवनी कलेक्टर की पहल पर गिफ्ट अ डेस्क अभियान में 55 डेस्क बेंच प्रदान की गई समिति के गठन के बाद से समिति के सदस्यों द्वारा लगातार सराहनीय कार्य किया जा रहा है। आज 19 अगस्त को कन्या आश्रम शाला छपारा अंग्रेजी माध्यम में 35 नग डेक्स बेंच एवं प्राथमिक शाला खुर्सी पार ब्लाक छपारा में 8 डेक्स बेंच तथा एकीकृत माध्यमिक शाला माल्हनवाड़ा छपारा में 12 नग डेक्स बेंच समिति के सदस्यों के द्वारा प्रदान की गई

इसमें समिति के सदस्य देवेंद्र सिंह चंद्रकिशोर सिंह जयदीप सिंह चौहान दीपेंद्र सिंह नवनीत सिंह अर्जुन सिंह जितेंद्र सिंह शामिल हैं सिवनी कलेक्टर की पहल पर गिफ्ट अ डेक्स अभियान के कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से बी आर सी रविशंकर सिंह बी ए सी घनश्याम सनोड़िया अनिल चन्द्रवंशी ( जन शिक्षक सी एम राइस छपारा ) पत्रकार गण रफीक खान हासिम खान एंव कन्या आश्रम की अधीक्षक श्रीमती मीरा रोतिया श्रीमती संगीता शिवहरे श्रीमती मृदुला डोंगरे जय कली काकोंड़िया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### वन परिक्षेत्र वारासिवनी के रमरमा के कक्ष क्रमांक 472 की घटना

# बाघ ने वृद्ध का किया शिकार





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

अपने दो साथियों के साथ घने जंगल में पिहरी तोड़ने गए 60 वर्षीय वृद्ध का वन्य प्राणी बाघ ने शिकार कर लिया है. घटना दक्षिण वन मंडल के वन परिक्षेत्र वारासिवनी के रमरमा के कक्ष क्रमांक 472 रिजर्व फॉरेस्ट की है. शिकार की यह घटना गुरूवार की है शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे वृद्ध का शव क्षत-विक्षत हालत में वृद्ध की तलाश में निकले सिरपुर के ग्रामीणों के द्वारा करेली नाला के पास देखा गया. बाघ ने वृद्ध के शरीर का कमर के नीचे का पूरा हिस्सा खा लिया था जबकि एक अलग दिशा में वृद्ध के शरीर के अन्य अंग बरामद किए गए. बाघ ने शिकार के बाद वृद्ध के शव को घसीटते हुए नाले के पास पहुंचाया. घटनास्थल और उससे करीब 04 किमी. दूर नाले के पास बाघ के पगमार्क मिले है. इसके आधार पर बाघ की उम्र करीब 2 से ढाई वर्ष के आस-पास होने का अनुमान लगाया गया है. बाघ के द्वारा इंसानी शिकार की घटना की सूचना मिलने के बाद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटंगी विवेक शर्मा, उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम, कटंगी थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी बाबूलाल चढ़ार, वन परिक्षेत्र अधिकारी खैरलांजी दीपचंद वासनिक और वारासिवनी-कटंगी का वन अमला, वारासिवनी, कटंगी और तिरोड़ी का पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा. पुलिस और वन विभाग ने अलग-अलग विभागीय कार्रवाई पूरी की और फिर घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर नाले के पास वृद्ध के शव का पीएम डॉ भूपेन्द्र गजभिए के द्वारा किया गया. जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मिली जानकारी अनुसार कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सिरपुर निवासी 60 वर्षीय मंगरु पिता सद्दू लाल सराठी अपने दो साथी श्याम परते और नानक उईके के साथ गुरुवार की सुबह तकरीबन 7 बजे अपने घर से जंगल में पिहरी तोड़ने के जाने की बात कहकर निकला था. मंगरू के साथ जाने वाले श्याम और नानक बताते है कि जंगल में मंगरु दूसरी तरफ चले गया. घर वापस लौटते वक्त उसे आवाज लगाई लेकिन उसकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया तो वह घर की तरफ वापस लौट गए. शाम को घर पहुंचने पर पता चला कि मंगरु जंगल से लौटकर वापस घर नहीं आया है. शाम होने के कारण घने जंगल में कोई भी मंगरु की तलाश के लिए नहीं गया. शुक्रवार को सुबह 07 बजे गांव से करीब 7 से 8 लोग मंगरू की तलाश में जंगल पहुंचे. जहां करेली नाला के पास मंगरु का शव क्षत विक्षत हालत में दिखाई दिया. जिस स्थान पर बाघ ने शिकार की वारदात को अंजाम दिया. उस स्थान पर किसी भी कंपनी को दूरसंचार सर्वर नहीं होने के कारण करीब साढ़े 10 बजे पुलिस और वन विभाग को सूचना मिली. सूचना मिलने पर पुलिस और यहां तक की वन विभाग का अमला भी बमुश्किल नदी-नाले पार करते हुए घटनास्थल पर पहुंच पाया।

बता दें कि नगझर से करीब 10 किमी. दूर घने जंगल में टाइगर ने घटना को अंजाम दिया है. वन विभाग और पुलिस को घटनास्थल पर पहुंचने के लिए आने और जाने में करीब 14 किमी. पैदल चलना पड़ा. यह घटना इंसानी लापरवाही का बड़ा परिणाम है. यह घटना जंगल के इतने अधिक भीतर हुई है जहां जाना खतरे से खाली नहीं माना जा सकता लेकिन फिर मंगरु अपने साथियों के साथ उस ओर पिहरी तोड़ने के लिए गया हुआ था जहां बाघ ने उसका शिकार कर लिया. गौरतलब हो कि आमतौर पर यह सुनने में आता है कि ग्रामीण अंचलों से लोग तेंदूपत्ता, बांस, लकड़ी, पिहरी के लिए जंगल के बहुत भीतर तक चले जाते है जहां वन्य प्राणी शिकार की वारदात को अंजाम देते है. इस घटना के बाद उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम ने बताया कि विधिवत कार्रवाई कर मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है. वहीं पीड़ति के परिवार को मिलने वाली आर्थिक सहायता की प्रारंभिक कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है।

### यश देशमुख द्वारा संचालित आर्शीवाद पैथोलॉजी को किया गया सीलबंद

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोचेवाही में की छापामार कार्यवाही

### थाना प्रभारी को यश देशमुख के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने कहा गया



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 28 अगस्त को वारासिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में छापामार कार्यवाही कर अवैध रूप से संचालित आर्शीवाद पैथोलॉजी लैब एवं कलेक्शन सेंटर को सील बंद कर दिया है। इसके साथ ही लैब के संचालक यश देशमुख के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के लिए कहा गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि डॉ. गौरव करवते, चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी एन.सी.डी. जिला चिकित्सालय बालाघाट तथा डॉ. सुषमा गोयल चिकित्सा अधिकारी एवं आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय बालाघाट के संयुक्त नेतृत्व में श्री तिरथ कुमार अक्षरिया तहसीलदार वारासिवनी एवं थाना प्रभारी वारासिवनी द्वारा मनोनीत किये गये आरक्षकों के गठित संयुक्त जांच दल द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 को दोपहर 1:50 बजे श्री यश देशमुख द्वारा ग्राम कोचेवाही तहसील वारासिवनी, जिला-बालाघाट में संचालित आर्शीवाद पेथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।

जांच दल द्वारा प्रस्तुत पंचनामा के अनुसार आर्शीवाद पैथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर का निरीक्षण किये जाने पर पाया गया कि श्री यश देशमुख द्वारा विगत लगभग दो माह पूर्व से श्री खुशलराव पटले के स्वामित्व की एक दुकान को किराये पर लेकर ग्राम कोचेवाही तहसील वारासिवनी में आर्शीवाद पेथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर संचालित किया जा रहा है।

पेथालॉजी लेब के निरीक्षण के दौरान श्री यश देशमुख उपस्थित नहीं पाये गये, जिनसे मोबाईल नम्बर 6266214724 पर सम्पर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वे वर्तमान में अपनी बीमार बहन को देखने के लिये सिवनी जा रहे है। पेथालॉजी लेब में उनकी सहायक स्वाति तुरकर योग्यता डी.एम.एल.टी. उपस्थित पाई गई ।आर्शीवाद पेथालॉजी लैब एण्ड कलेक्शन सेंटर में श्री यश देशमुख के शैक्षणिक योग्यता एवं पेथालॉजी लेब टेक्नीशियन योग्यता से संबंधित कोई भी अभिलेख प्रदर्शित नहीं पाये गये। लेब में उपस्थित उनकी सहायिका स्वाति तुरकर ने बताया कि श्री यश देशमुख प्रतिदिन ग्राम सेलवा तहसील कटंगी से आना-जाना करते है एवं उनकी योग्यता डी.एम.एल.टी. है।

आर्शीवाद पेथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर में सेन्ट्रीफ्यूज मशीन, हीमेटोलॉजी एनालाईजर, कम्प्यूटर, प्रिंटर, रेफ्रिजरेटर, रेपिड टेस्ट किट एवं रियेजेंट्स उपलब्ध पाये गये साथ ही रोगी श्री तोषकला देशमुख आयु 50 वर्ष, पुरुष, निवासी ग्राम उमरी की हीमोटोलॉजी (सी.बी.सी.), बायोकेमेस्ट्री (सी आर पी) एवं सेरालॉजी (विबाल टेस्ट) की टेस्ट रिपोर्ट तथा श्रीमती मेघा भवरे आयु 28 वर्ष, महिला, निवासी छोटी कोचेवाही की रोरालॉजी (विडाल टेस्ट) की टेस्ट रिपोर्ट लेब में उपलब्ध पाई गई, जिसे जांच दल द्वारा अपनी अभिरक्षा में लिया गया ।

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद भोपाल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश राज्य में एक क्वालिफाईड पैथालॉजिस्ट के रूप में स्वतंत्र रूप से चिकित्सा व्यावसाय करने अथवा पेथालॉजिकल जांच / पोथालॉजिकल परीक्षण की रिर्पोटिंग करने हेतु विधिक रूप से केवल वही व्यक्ति प्राधिकृत है, जो इंडियन मेडिकल काऊंसिल अधिनियम 1956 में उल्लिखित उपबंधों के अनुसार पेथालौंजी विषय की स्नातकोत्तर उपाधि अथवा पत्रोपाधि धारित होकर मध्यप्रदेश आयेर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 की धारा 13 के उपबंधों के अंतर्गत विधिवत अतिरिक्त रूप से पंजीकृत हो। आर्शीवाद पेथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर, ग्राम कोचेवाही तहसील वारासिवनी का संचालन नियम विरुद्ध एवं उच्च न्यायालय जबू द्वारा दिये गये आदेश के विपरीत पाये जाने के कारण जांच दल द्वारा मौके पर जनहित में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये आर्शीवाद पेथालॉजी लैब एण्ड कलेक्शन सेंटर को तत्काल सील बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही श्री यश देशमुख द्वारा ग्राम कोचेवाही में आर्शीवाद पेथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर का नियम विरूद्ध अवैद्य रूप से संचालन पाये जाने के कारण उसके विरूद्ध आवश्यक विवेचना कर समुचित वैद्यानिक कार्यवाही करने कहा गया है।

# थानेगांव नल-जल योजना की टंकी के धराशाई होने के मामले में उपयंत्री उद्दे को निलंबित किया गया

हरिभूमि न्यूज लांजी।



बालाघाट जिले की लांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम थानेगांव में 75 लाख 80 हजार रुपए लागत की नल-जल योजना में 16 लाख 08 हजार रुपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय टंकी के 28 अगस्त की शाम को धसकने एवं धराशाई होने के मामले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जबलपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एच एस गौड़ ने लांजी के उपयंत्री श्री बीएल उद्दे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

ग्राम थानेगांव की नल-जल योजना की टंकी का निर्माण कार्य उपयंत्री श्री बीएल उद्दे की देखरेख और निरीक्षण में मे. रायसिंह एंड कंपनी द्वारा किया गया था। उपयंत्री श्री उद्दे द्वारा अपने कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण विभाग की छवि धूमिल हुई है और शासन को वित्तीय हानि हुई है। उपयंत्री श्री बीएल उद्दे द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में बरती गई लापरवाही के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना मंडल कार्यालय छिंदवाड़ा नियत किया गया है।

# नपा में 10 घंटे तक मजदूरों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शुक्रवार को नगरपालिका के सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कामबंद हड़ताल कर दी है। श्रमायुक्त कार्यालय से निर्धारित श्रमिक दर, ईपीएफ की जानकारी, समय पर वेतन और दीर्घकालिक सेवा वाले कर्मियों के भत्ते प्रमुख मांगें थीं।

हड़ताल के कारण शहर में सफाई कार्य प्रभावित रहा और कचरा नहीं उठ सका। भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आयोजित इस हड़ताल को पूर्व सांसद कंकर मुंजारे का समर्थन मिला। मुंजारे ने नपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने नपा उपाध्यक्ष पर कांट्रेक्ट मजदूरी ठेकेदारी का आरोप भी लगाया। साथ ही विपक्षी कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाए।



शुक्रवार दोपहर 3 बजे नपाध्यक्ष ने पार्षदों के साथ प्रदर्शनकारी मजदूरों और भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों से बैठक की। नपाध्यक्ष ने सभी मांगों पर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया। मजदूरों की दर बढ़ोतरी का प्रस्ताव परिषद की आगामी बैठक में रखने की बात कही।

भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि पिछले 3-4 सालों से लंबित मांगों को लेकर यह धरना किया गया था। नपाध्यक्ष के साथ सहमति बनने के बाद 10 घंटे चली हड़ताल खत्म कर दी गई।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के छात्र छात्राओं ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे द्वारा मेजर ध्यानचंद की फोटो पर माल्यापर्ण किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के संयोजक डॉ. पीएस कातुलकर एवं डॉ. योगेश विजयवार उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी अनिल कुमार झरबड़े उपस्थित रहे।

इस खेल दिवस में महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राओ की तीन खेल विधाओं बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं शतरंज में प्रतियोगिता करायी गई। जिसमें डॉ. प्रशांत उहाते, डॉ. आरएन झारिया, डॉ. भूपेंद्र सिंह ब्रम्हे, डॉ. गजानन कटरे. रवि शंकर मडावे, अतुल मेश्राम ने भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता में छात्र पीयूष लिल्हारे तथा शिक्षक में डॉ. विजय यादव विजयी हुए। इसी तरह बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉ प्रशांत डहाते, छात्राओं में प्रिंसी कोकोटिया एवं डबल टीम में डॉ. प्रशांत डहाते एवं डॉ आर.एन झारिया ने तथा महिला वर्ग में रेखा बिसेन और हर्षा वाडिवा विजयी हुए। टेबल टेनिस में सिंगल में रवि शंकर मडावे एवं डबल टीम में डॉ पवन बागडे व अतुल मेश्राम ने प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। कार्यक्रम में रेखा बिसेन क्रीड़ा अधिकारी लॉ फैकेल्टी भी मौजूद रही।

## गणेशोत्सव में विद्युत का वैधानिक उपयोग करें

**बालाघाट।** रवि कुमार कुम्हरे, कार्यपालन अभियंता, संचा/संधा संभाग, म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि., बालाघाट द्वारा आगामी गणेशोत्सव के परिप्रेक्ष्य में सभी मूर्ति स्थापना स्थलों के आयोजकों से अपील की गई है कि गणेशोत्सव पंडाल में विद्युत विभाग से विधिवत अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेकर विद्युत का उपयोग करें एवं विद्युत तारों से डायरेक्ट हुकिंग न करें । कटे एवं टूटे वायरों का उपयोग न करें, विद्युत पोल के समीप एवं विद्युत लाइनों के नीचे पंडाल न लगावें । जिन गणेशोत्सव पंडालों में वैधानिक रूप से विद्युत कनेक्शनों का संयोजन नहीं पाया जावेगा, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी । अतः सभी आयोजक असुविधा से बचने हेतु विद्युत का वैधानिक उपयोग करें ।

### छाता पाकर बच्चों के चेहरे खिले, पढ़ाई रहेगी जारी.....चाहे बरसात हो भारी

# जानपुर स्कूल में विद्यार्थियों को हेमंत साहू के द्वारा छातों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत 29 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जानपुर में कक्षा 12वीं के बच्चों को छाता वितरित किया गया।अभी सभी विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा चल रही है।परीक्षा को ध्यान रखते हुए इस बरसात के मौसम में विद्यार्थियों को कठिनाइयों से बचाने और शिक्षा के मार्ग को और सुगम बनाने के उद्देश्य से आज विद्यालय परिसर में बच्चों को छाता वितरण किया गया।इस अवसर पर विद्यालय कक्षा 12वीं के सभी संकाय के बच्चों के साथ शैक्षणिक संवाद करते हुए छाते प्रदान किए गए।जैसे ही बच्चों ने नए-नए छाते हाथों में थामे,उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।बरसात के दिनों में भीगने से बच्चे अक्सर बीमार हो जाते हैं और कई बार इसी कारण स्कूल आने से वंचित रह जाते हैं।छाते मिलने से अब बच्चों को मौसम की मार से राहत मिलेगी और वे निश्चिंत होकर विद्यालय आ सकेंगे।विद्यालय के शिक्षकों,पालकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करेगा बल्कि उनकी शिक्षा निरंतरता बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा। वहीं,बच्चों ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब वे बारिश में भी आसानी से विद्यालय आ सकेंगे।क्षेत्र के जनपद सदस्य लक्ष्मीकांत धुर्वे ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल छाता वितरण तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा यह प्रयास शिक्षा की निरंतरता और बच्चों की मुस्कान को सुरक्षित करने का संदेश बनेगा।इसी क्रम में ग्राम पंचायत जानपुर के सरपंच सरिता नारायण टेकाम ने इस संकल्प को दोहराया कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी।ग्राम पंचायत से जिस प्रकार की जरूरत होगी हम पूरा करेंगे और ऐसे सहयोगी कदम समय-समय पर जारी रहेंगे।कक्षा 12वीं के बच्चों को जो वार्षिक परीक्षा में मप्र प्रावीण्य सूची में स्थान बनाएंगे उन्हें जनप्रतिनिधियों और स्कूल के प्रभारी प्राचार्य एस.सी.राणा के द्वारा 10-10 हजार रु प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान करने की बात कही गई।आज के छाता वितरण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हेमंत साहू के साथ क्षेत्र के जनपद सदस्य लक्ष्मीकांत धुर्वे,ग्राम पंचायत जानपुर के सरपंच सरिता नारायण टेकाम,उपसरपंच आनंददास भाषंत,चौहान,ग्राम पंचायत भंडारपुर के सरपंच जयचंद पंद्रे शाला के प्रभारी प्राचार्य एस.सी.राणा, एस.डी.खैरवार, सी.पी.बोरीकर, ए.के. टेंभरे,शबनम शेख़,फुलवंता टेभरें,सहित समस्त स्टॉफ और बच्चों की उपस्थिति रही।



### महिलाओ को बतायी गई जीवामृत एवं दशपर्णी अर्क बनाने की विधि

# बाघाटोला में प्राकृतिक खेती के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानो को प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने कृषि विभाग द्वारा जिले में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग के अमले द्वारा किसानो को रासायनिक खाद एवं कीटनाशको के उपयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही किसानो को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लाभ भी बताए जा रहे है। इसी कड़ी में 28 अगस्त को लांजी विकासखंड के ग्राम बाघाटोला में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें किसानों को जीवामृत एवं दशपर्णी अर्क बनाने की विधियां बताई गई।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की कृषि सखी दीदी द्वारा किसानो को बताया गया कि दशपर्णी अर्क बनाने के लिए एक ड्रम में 200 लीटर पानी डाले और इसमें 10 लीटर गौमूत्र व 02 किलोग्राम देशी गाय का गोबर मिलाकर अच्छे से घोल बना ले। इस घोल में 05 किलोग्राम नीम की पत्ती, 02-02 किलोग्राम सीताफल, बेल, बेर, पपीते, अमरूद, कनेर, आम, देशी करेले एवं आम की पत्तियॉ डाल दे। इसके बाद इसमें आधा से एक किलोग्राम तक तम्बाकू और आधा किलो चटनी डाल दे। इस घोल को छाया में रखे और वर्षा के पानी और सूर्य की रोशनी से बचाए। 40 दिन में इससे दवा तैयार हो जाएगी। इसे कपड़े से छानकर अलग कर ले। 200 लीटर पानी में यह 05 से 06 लीटर दशपर्णी अर्क कीट नियंत्रण के लिए किसी भी फसल में छिड़का जा सकता है।

किसानो को बताया गया कि रासायनिक खाद एवं कीटनाशको के अत्यधिक प्रयोग से खेतों में पैदा होने वाला अनाज प्रदूषित हो गया है। इसके सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारियॉ हो रही है। इन बीमारियों से बचाव के लिए खेतों में रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशको का उपयोग बंद कर उनके स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खाद व कीटनाशक का उपयोग करना होगा। इस कार्यक्रम में विकासखंड तकनीकी प्रबंधक अजय बिजेवार एवं कृषि सखी उमेश्वरी बंसोड़ उपस्थित रहे।

### परीक्षाएं शुरू फिर भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रहे शिक्षक और शिक्षिकाएं

# हाई स्कूल कंजई में अव्यवस्थाओं का आलम बरकरार, कैसे होगी शिक्षा की राह आसान

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** स्कूल और विद्यालयों में शिक्षक और शिक्षिकाओं की लापरवाही रुकने का नाम नहीं ले रही है। वर्तमान समय में स्कूल मे बच्चों के एग्जाम शुरू है और ऐसे में विद्यालय और स्कूलों में शिक्षक औरशिक्षकाए समय पर नहीं पहुंच रहे हैं और अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं.? ऐसा ही लापरवाही का मामला शुक्रवार को सुबह लगभग 11:00 बजे ग्राम कंजई के हाई स्कूल में देखने को मिला। कंजई के जागरूक जनों द्वारा हाई स्कूल में शिक्षक और शिक्षिकाओं द्वारा कर्तव्य के निर्वहन में बरती जा रही लापरवाही की शिकायत मीडिया से की गई और जागरूक जनों के द्वारा बताया गया कि अभी वर्तमान में स्कूलों में परीक्षाएं चल रही है और देखने में आ रहा है कि शिक्षक शिक्षिकाएं निर्धारित समय पर विद्यालय में नहीं पहुंच पा रहे हैं, शिक्षक और शिक्षिकाओं के विद्यालय में देर सवेर से पहुंचने के चक्कर में बच्चों को अच्छी शिक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है.? इस पूरे मामले में जब हाई स्कूल कंजई के प्राचार्य से स्कूल मे निर्धारित समय पर नहीं पहुंचने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं के गंभीर मामले में चर्चा की गई तो प्राचार्य ने भी स्वीकार किया की हां मैडम लेट आई है और मैंने अभी ही उन्हें बोला हूं। इसके पहले सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को हाई स्कूल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने मौखिक तौर पर बोला गया था। हाई स्कूल प्राचार्य नागरे सर ने बताया कि हाई स्कूल में पदस्थ सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को स्कूल के निर्धारित समय पर उपस्थित होने सूचना भी दी गई है। वहीं कंजई हाई स्कूल मे मनमर्जी से उपस्थित होने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं के मामले से जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट को भी अवगत करा दिया गया है। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कंजई के जागरूक जनों ने लापरवाही बरतने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं पर वैधानिक कार्रवाई की मांग बालाघाट कलेक्टर से की गई है।



**इनका कहना हैं**

अभी तो स्कूल में पेपर शुरू है फिर क्यों लेट आ रहे है, मैं इसे दिखवाता हूं।

**अश्विनी उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट**




